# यीडा को मिला 3500 करोड़ का निवेश

- मिंडा कारपोरेशन व आरपी-संजीव गोयनका समूह करेगा निवेश
- साढ़े तीन हजार युवाओं को मिलेगा प्रत्यक्ष रोजगार

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : यमुना प्राधिकरण में दो कंपनियों ने निवेश के लिए प्रस्ताव दिया है। इसमें मिंडा कारपोरेशन लिमिटेड और आरपी संजीव गोयनका समूह शामिल हैं। दोनों कंपनियां करीब साढ़े तीन हजार करोड़ का निवेश करेंगी। इसमें तकरीबन साढ़े तीन हजार युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। यीडा ने दोनों कंपनियों को जमीन आवंटन के लिए बुधवार को आशय पत्र जारी किए। मिंडा कारपोरेशन यीडा क्षेत्र में वायरिंग हार्नेस सहित क्लस्टर्स, सेंसर और कनेक्टर्स का निर्माण करेगी। वायरिंग हार्नेस डिवीजन से लागत व प्रभावी इंजीनियरिंग का उपयोग कर हार्नेस डिजायन को बेहतर व श्रम उत्पादकता को बढ़ाया जाएगा।

यीडा सीईओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी यीडा क्षेत्र में 2200 लोगों को प्रत्यक्ष व 5000 से अधिक लोगों को परोक्ष रोजगार देगी। 500 करोड़ से अधिक का निवेश होगा। इसमें 250 करोड़ प्लांट व मशीनरी पर होगा। कंपनी को सेक्टर 10 में 22 एकड़ जमीन आवंटन पर सैद्धांतिक सहमति दी गई है। वहीं आरपी संजीव गोयनका समूह यीडा क्षेत्र में तीन गीगावाट क्षमता के सोलर सेल व एकीकृत सोलर इकोसिस्टम स्थापित करेगी। 60 मेगावाट की कैप्टिव सोलर व एनर्जी स्टोरेज परियोजना भी विकसित की जाएगी। इसमें करीब 3000 करोड़ का निवेश होगा। कंपनी 28 से 30 प्रतिशत अधिक दक्षता वाले सेल का निर्माण करेगी।

## एमडीपी में 22 सितंबर को शुरू होगी पहली फैक्ट्री

मेडिकल डिवाइस पार्क में नवरात्र से चहल पहल शुरू होने जा रही है। एमडीपी की पहली इकाई का 22 सितंबर को शुभारंभ होगा। इस इकाई में रक्त संबंधित उपकरण बनाए जाएंगे। सौ लोगों को रोजगार मिलेगा। यीडा के सेक्टर 28 में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 89 भूखंड आवंटित हो चुके हैं। यीडा सीईओ आरके सिंह ने बताया कि क्रिश बायोमेडिकल कंपनी को मेडिकल डिवाइस पार्क में वर्ष 2023 में एक हजार वर्गमीटर का भूखंड आवंटित किया गया था। यहां स्थापित इकाई में कार्ट्रीफ्यूज मशीन (रक्त से प्लाजमा को अलग करना), -86 तक तापमान का अल्ट्रा डीप फ्रिजर, कोल्ड चेन के लिए फ्रिजर और रेफ्रिजरेटर बनाए जाएंगे। कंपनी यीडा क्षेत्र की इकाई में छह करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। कंपनी के संचालक शरद जैन ने बताया कि प्रतिमाह दो हजार मशीनों का उत्पादन होगा। कंपनी की एक यूनिट आंध्रप्रदेश के आंध्रा मेडिकल टेकजोन में भी है। यीडा सीईओ आरके सिंह फैक्ट्री का उद्घाटन करेंगे।

## यीडा ने ग्रुप हाउसिंग के 16 भूखंड की योजना निकाली

यीडा क्षेत्र में घर की मांग पूरी करने के लिए यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग श्रेणी में भूखंड योजना निकाली है। इसमें भूखंडों का ई नीलामी से आवंटन होगा। योजना में 16 भूखंड सेक्टर 17, 18 व 22 डी में हैं। 28 नवंबर को ई नीलामी की जाएगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कारण यीडा क्षेत्र में औद्योगिक निवेश लगातार बढ़ रहा है।